63. काँच को नीला रंग निम्नलिखित में से कौन प्रदान करता है? [SSC कांस्टेबल, 2012]
(a) कोबाल्ट ऑक्साइड (b) कॉपर ऑक्साइड
(c) आयरन ऑक्साइड (d) निकिल ऑक्साइड

64. जीवाश्म जीवों की आयु की गणना की तकनीक इसके द्वारा होती है [SSC कांस्टेबल, 2012]
(a) रेडियो कार्बन काल-निर्धारण
(b) इलेक्ट्रोपोरेशन
(c) वार्षिक घेरों को गिन कर
(d) माइक्रो (लघु) परिचालन

65. किस श्रेणी में सभी ऑक्सीकरण स्थितियों में नाइट्रोजन विविध प्रकार के यौगिक बनाती है? [SSC कांस्टेबल, 2012]
(a) – 3 से + 5 (b) – 3 से + 3
(c) – 3 से + 4 (d) – 3 से + 6

66. C_6H_{14} का अगला उच्च सजातीय है [SSC कांस्टेबल, 2012]
(a) C_7H_{14}
(b) C_7H_{12}
(c) C_6H_{12}
(d) C_7H_{16}

67. सौर सेल को बनाने में किस तत्त्व का प्रयोग होता है? [SSC कांस्टेबल, 2011]
(a) मैग्नीशियम (b) सोडियम
(c) कैल्शियम (d) सिलिकॉन

68. टूटी हड्डियों को जोड़ने के लिए निम्नलिखित में से किसका प्रयोग किया जाता है? [SSC कांस्टेबल, 2011]
(a) सफेद सीमेण्ट
(b) सफेद लेड
(c) जिंक ऑक्साइड
(d) प्लास्टर ऑफ पेरिस

उत्तरमाला

1.	(a)	2.	(a)	3.	(b)	4.	(d)	5.	(c)	6.	(c)	7.	(c)	8.	(b)	9.	(d)	10.	(c)
11.	(b)	12.	(a)	13.	(d)	14.	(b)	15.	(d)	16.	(a)	17.	(b)	18.	(d)	19.	(c)	20.	(a)
21.	(b)	22.	(a)	23.	(a)	24.	(b)	25.	(b)	26.	(c)	27.	(a)	28.	(d)	29.	(b)	30.	(c)
31.	(c)	32.	(a)	33.	(d)	34.	(b)	35.	(b)	36.	(c)	37.	(d)	38.	(b)	39.	(a)	40.	(a)
41.	(b)	42.	(b)	43.	(c)	44.	(a)	45.	(b)	46.	(c)	47.	(d)	48.	(d)	49.	(d)	50.	(c)
51.	(b)	52.	(a)	53.	(c)	54.	(a)	55.	(c)	56.	(c)	57.	(c)	58.	(d)	59.	(a)	60.	(a)
61.	(b)	62.	(a)	63.	(a)	64.	(a)	65.	(a)	66.	(d)	67.	(d)	68.	(d)				

अध्याय 8

जीव विज्ञान

विज्ञान की वह शाखा जिसके अन्तर्गत जीवों की आकारिकी एवं कार्यिकी का अध्ययन किया जाता है, जीव विज्ञान कहलाती है।

जन्तु विज्ञान से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण तथ्य

सबसे बड़ा तथा भारी स्तनी	नीली ह्वेल
सबसे बड़ा स्थली स्तनी	अफ्रीकन हाथी
सबसे बड़ा जीवित सरीसृप	टरटिल (समुद्री कछुआ)
सबसे बड़ा जीवित पक्षी	शुतुरमुर्ग
सबसे बड़ा सर्प	पाइथन
सबसे बड़ा कपि	गोरिल्ला
सबसे छोटा पक्षी	हमिंग बर्ड
सबसे छोटा स्तनी	छछुँदर
सबसे बड़ा अण्डा	शुतुरमुर्ग
सबसे तेज दौड़ने वाला जन्तु	चीता
सबसे तेज उड़ने वाला पक्षी	कटिपुञ्ज पक्षी (स्थाइनी टेल्ड स्वीफ्ट)
अण्डप्रजक स्तनी	एकिडना तथा डकबिल प्लेटीपस
अण्ड जरायुज स्तनी	कंगारू
सबसे ऊँचा स्तनी	जिराफ (अफ्रीका)
विषैली मछली	शेफ स्टोन फिश या लॉयल फिश
भारत में सबसे बड़ा म्यूजियम	चेन्नई
भारत में सबसे बड़ा चिड़ियाघर	कोलकाता
भारत में सबसे बड़ा एक्वेरियम	मुम्बई
विश्व में सबसे बड़ा चिड़ियाघर	क्रुगर नेशनल पार्क (दक्षिण अफ्रीका)

मानव शरीर से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण तथ्य

अस्थियों की कुल संख्या	206
सबसे छोटी अस्थि	स्टेपीज (मध्य कर्ण में)
सबसे लम्बी अस्थि	फीमर (जंघा में)
कशेरुकाओं की कुल संख्या	33
सबसे लम्बी पेशी	सारटोरियस
बड़ी आँत की लम्बाई	1.5 मीटर
छोटी आँत की लम्बाई	6.25 मीटर
यकृत का भार (पुरुष में)	1.4-1.8 किग्रा
यकृत का भार (महिला में)	1.2-1.4 किग्रा
सबसे व्यस्त मानव अंग	हृदय
शरीर की सबसे बड़ी ग्रन्थि	यकृत
सर्वाधिक पुनरुद्भवन की क्षमता	यकृत
सबसे कम पुनरुद्भवन की क्षमता	मस्तिष्क

शरीर का सबसे कठोर भाग	दाँत का इनेमल
सबसे बड़ी लार ग्रन्थि	पैरोटिड ग्रन्थि
शरीर का सामान्य तापमान	98.4°F (37°C)
शरीर में रुधिर की मात्रा	5.5 लीटर
RBCs का जीवन काल	120 दिन
WBC का जीवन काल	2-5 दिन
रुधिर का थक्का बनने का समय	3-6 मिनट
सर्वग्राही रुधिर वर्ग	3-6
सर्वदाता रुधिर वर्ग	O
सामान्य रुधिर दाब	120/80 Hg
हृदय गति	72 बार एक मिनट में
वृक्क का भार	150 ग्राम
मस्तिष्क का भार	1220 से 1400 ग्राम
क्रेनियल तन्त्रिकाओं की संख्या	12 जोड़ी
स्पाइनल तन्त्रिकाओं की संख्या	31 जोड़ी
सबसे बड़ी कोशिका	तन्त्रिका कोशिका
सबसे बड़ी अन्तःस्रावी ग्रन्थि	थायरॉइड
सबसे छोटी अन्तःस्रावी ग्रन्थि	पिट्यूटरी ग्रन्थि

विटामिन

- ये विशिष्ट प्रकार के जटिल कार्बनिक यौगिक हैं, जो शरीर की सामान्य वृद्धि तथा रोगों से रक्षा के लिए आवश्यक होते हैं।
- विटामिन की खोज **हॉपकिन्स** ने की थी तथा इस शब्द का प्रतिपादन **कैसिमिर फंक** ने किया।
- विटामिन A, D, E तथा K वसा में तथा विटामिन B एवं C जल में घुलनशील होते हैं।

विटामिनों के रासायनिक नाम, उनकी कमी से उत्पन्न होने वाले रोग तथा स्रोत

विटामिन	रासायनिक नाम	कमी से होने वाला रोग	स्रोत
विटामिन-A	रेटिनॉल	रतौंधी, संक्रमणों का खतरा	दूध, अण्डा, पनीर, हरी साग-सब्जी, मछली का तेल
विटामिन-B_1	थायमिन	बेरी-बेरी	मूँगफली, तिल, सूखी मिर्च, बिना धुली दाल, यकृत, अण्डा एवं सब्जियाँ
विटामिन-B_2	राइबोफ्लेविन	क्लोसिस (मुख के कोनों का फट जाना)	खमीर, यकृत, मांस, हरी सब्जियाँ, दूध
विटामिन-B_5	निकोटिनैमाइड	पेलाग्रा (त्वचा दाद)	मांस, मूँगफली, आलू, टमाटर, पत्ती वाली सब्जियाँ
विटामिन-B_{12}	साइनोकोबालिमिन	प्रणाशी अरक्तता	मांस, यकृत, दूध
विटामिन-C	एस्कॉर्बिक एसिड	स्कर्वी, मसूड़े का फूलना	नींबू, सन्तरा, नारंगी, टमाटर, खट्टे पदार्थ, मिर्च, अंकुरित अनाज
विटामिन-D	कैल्सीफेरॉल	रिकेट्स (बच्चों में) ऑस्टियोमलेशिया (वयस्क में)	मछली का तेल, दूध, अण्डे
विटामिन-E	टोकोफेरॉल	जनन शक्ति का कम होना	पत्ती वाली सब्जियाँ, दूध, मक्खन, अंकुरित गेहूँ, वनस्पति तेल
विटामिन-K	फिल्लोक्विनोन	रक्त का थक्का न बनना	टमाटर, हरी सब्जियाँ

खनिज पदार्थ, उनके अभाव में उत्पन्न रोग तथा उनके स्रोत

खनिज पदार्थ	आवश्यकता	अभाव के कारण उत्पन्न रोग	स्रोत
सोडियम यौगिक	रुधिर एवं शरीर के अन्य ऊतकों के निर्माण हेतु	–	हरी सब्जियाँ तथा नमक
लौह यौगिक	लाल रक्त का निर्माण	एनीमिया	हरी पत्तीदार सब्जियाँ, मांस, यकृत, आदि
कैल्शियम	अस्थियों व दाँतों के निर्माण एवं रक्त का थक्का बनने में	अस्थियों एवं दाँतों के रोग, रिकेट्स	दूध, सब्जी, मांस तथा अनाज
आयोडीन यौगिक	थायरॉइड ग्रन्थि में थायरॉक्सिन हॉर्मोन के निर्माण में	घेंघा रोग	समुद्र से प्राप्त होने वाली खाद्य वस्तुएँ, जल एवं आयोडीन युक्त नमक
फॉस्फोरस यौगिक	अस्थियों, दाँतों तथा जीवद्रव्य के निर्माण में	कमजोर अस्थि वृद्धि	दूध, मांस, सब्जियाँ, आदि

वसा, प्रोटीन एवं एन्जाइम

- कोलेस्ट्रॉल एक जटिल वसा है। बटर ऑयल, बटर मिल्क एवं आइसक्रीम में पाया जाता है। ग्राउण्डनट ऑयल में ये उपस्थित नहीं होता है।
- प्रोटीन को पचाने के लिए जन्तुओं के पाचन तन्त्र में प्रोटीएज एन्जाइम उपस्थित होता है।
- हीमोग्लोबिन एक प्रोटीन वर्णक है जोकि स्तनधारियों के रक्त में उपस्थित लौहित कोशिका में पायी जाती है। इसके अन्दर लौह धातु समाविष्ट होती है।
- खमीरीकरण (खमीर उठाना) दूध से दही बनाने की प्रक्रिया है।
- नील-हरित शैवाल (काई) साइनोबैक्टीरिया समूह का जीव है। यह एक प्राकृतिक उर्वरक है जोकि वायु की नाइट्रोजन को स्थिरीकृत करके पादपों को उपलब्ध कराता है। ये स्वपोषी पादप होते हैं।

मानव रोग

विषाणुओं द्वारा होने वाले प्रमुख रोग, प्रभावित अंग

रोग	प्रभावित अंग	विषाणुओं के नाम
एड्स (AIDS)	प्रतिरक्षा प्रणाली	HIV
डेंगू ज्वर	सम्पूर्ण शरीर (सिर एवं जोड़)	ऑर्बो विषाणु
पोलियो	गला, रीढ़, नाड़ी संस्थान	एन्टरो विषाणु
चेचक	सम्पूर्ण शरीर	वैरिओला विषाणु

रोग	प्रभावित अंग	विषाणुओं के नाम
छोटी माता	सम्पूर्ण शरीर	वैरिसेला विषाणु
खसरा	सम्पूर्ण शरीर	पैराम्क्सो विषाणु
हेपेटाइटिस या पीलिया	यकृत	हिपेटाइटिस -A, B, C, D या E विषाणु
रेबीज	तन्त्रिका तन्त्र	रैब्डो विषाणु
हर्पीस	त्वचा	हर्पीस विषाणु

जीवाणुओं के द्वारा होने वाले प्रमुख रोग, प्रभावित अंग

रोग	प्रभावित अंग	जीवाणुओं के नाम
टिटनेस	तन्त्रिका तन्त्र	*क्लॉस्ट्रीडियम टिटैनी*
हैजा	आँत	*विब्रिओ कॉलेरी*
टायफॉइड	आँत	*सालमोनेला टायफी*
क्षय रोग (T.B.)	फेफड़ा	*माइक्रोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस*
डिप्थीरिया	श्वास नली	*कोरीनीबैक्टीरियम डिप्थीरी*
प्लेग	फेफड़ा	*पाश्चुरेला पेस्टिस या अर्सीनिया*
काली खाँसी	श्वसन तन्त्र	*बोर्डिटेला पेस्टिस*
निमोनिया	फेफड़ा	*स्ट्रेप्टोकोकस न्यूमोनी*
कुष्ठ रोग	तन्त्रिका तन्त्र त्वचा	*माइकोबैक्टीरिया लेप्री*
गोनोरिया	मूत्र मार्ग	*निसेरिया गोनोरी*
सिफलिस	जननांग	*ट्रिपोनिमा पैलिडस*

परजीवियों द्वारा होने वाले रोग, प्रभावित अंग

रोग	प्रभावित अंग	परजीवी का नाम	वाहक
मलेरिया	प्लीहा, यकृत एवं RBC	*प्लाज्मोडियम*	मादा एनाफिलीज
पायरिया	मसूड़े	*एण्टअमीबा जिन्जिवेलिस*	—
निद्रा रोग	मस्तिष्क	*ट्रिपेनोसोमा*	सी-सी मक्खी (Tse-Tse)
पेचिस	आँत	*एण्ट अमीबा हिस्टोलिटिका*	—
कालाअजार	अस्थि-मज्जा	*लीशमैनिया डोनावानी*	बालू-मक्खी

रोग फैलाने वाले कीट

कीट	रोग
घरेलू मक्खी	हैजा, अतिसार, सूजाक, कुष्ठ रोग, टी.बी., टायफॉइड, दस्त
मच्छर	मलेरिया, फीलपाँव, डेंगू
चूहा	प्लेग
सी-सी-मक्खी	निद्रा रोग
सैण्ड फ्लाई (बालू मक्खी)	कालाअजार
खटमल	टाइफस रिलैप्सिंग ज्वर, कुष्ठरोग
जूँ	ट्रेन्च ज्वर, टाइफस रिलैप्सिंग ज्वर

- इटाई-इटाई रोग मानव में कैडमियम की जल में विषाक्तता के कारण होता है।
- BCG के टीके में 'C' का अर्थ कैल्मेट (Calmett) होता है।
- सल्फर डाइऑक्साइड वातावरण में प्रदूषण उत्पन्न करती है। वर्षा होने पर यह जल में घुलकर सल्फ्यूरिक अम्ल बनाती है तथा मृदा के pH को बढ़ा देती है।

विज्ञान की प्रमुख शाखाएँ

- **एकोस्टिक्स** (Acoustics) यह ध्वनि से सम्बन्धित विज्ञान है।
- **एस्ट्रोनॉमी** (Astronomy) इसे 'खगोलशास्त्र' कहा जाता है। इसके अन्तर्गत ग्रह, उपग्रह तथा अन्य आकाशीय पिण्डों का अध्ययन किया जाता है।
- **एस्ट्रोनॉटिक्स** (Astronautics) यह अन्तरिक्ष में यात्रा करने से सम्बन्धित विज्ञान की शाखा है।
- **एयरोनॉटिक्स** (Aeronautics) इसमें वायुयान सम्बन्धी प्रक्रियाओं का अध्ययन किया जाता है।
- **कॉस्मोलॉजी** (Cosmology) यह ब्रह्माण्ड का अध्ययन करने वाली विज्ञान की शाखा है।
- **क्रायोजेनिक्स** (Cryogenics) यह निम्न ताप के विभिन्न प्रयोगों तथा नियन्त्रणों का अध्ययन करने वाली विज्ञान की शाखा है।
- **होलोग्राफी** (Holography) इसमें लेसर पुंज की सहायता से त्रि-विमीय चित्र बनाने वाली विधि का अध्ययन किया जाता है।
- **मेट्रोलॉजी** (Metrology) यह माप विज्ञान की शाखा से सम्बन्धित है।

✓ अभ्यास के लिए प्रश्न

1. निम्नलिखित में से किस जन्तु में 'अमरत्व' का गुण पाया जाता है?
(a) *अमीबा* (b) *हाइड्रा*
(c) *ऐस्कैरिस* (d) जोंक

2. पौधों और जन्तुओं के बीच की योजक कड़ी के रूप में जाना जाता है
(a) *अमीबा*
(b) *यूग्लीना*
(c) *प्लाज्मोडियम*
(d) *पैरामीशियम*

3. निम्नलिखित में से कौन एक वास्तविक मछली है
(a) क्रे फिश
(b) कटल फिश
(c) फ्लाइंग फिश
(d) सिल्वर फिश

4. शीत रक्त वाला प्राणी है
(a) सर्प (b) मेढ़क
(c) छिपकली (d) ये सभी

5. विश्व में जन्तुओं का सबसे बड़ा संघ कौन-सा है?
(a) प्रोटोजोआ (b) हेमीकार्डेटा
(c) इकाइनोडर्मेटा (d) आर्थ्रोपोडा

6. एम्फीबिया वर्ग के जन्तु
(a) सिर्फ जल में पाए जाते हैं
(b) जल एवं थल में पाए जाते हैं
(c) सिर्फ पेड़ पर पाए जाते हैं
(d) सिर्फ थल पर पाए जाते हैं

7. निम्नलिखित में से नियततापी प्राणी कौन-सा है?
(a) शार्क (b) साँप
(c) छिपकली (d) चमगादड़

8. डायनोसोर थे
(a) सीनोजोइक सरीसृप
(b) मेसोजोइक पक्षी
(c) पैलियोजोइक एम्फीबिया
(d) मेसोजोइक सरीसृप

9. विषैले सर्पों में विष ग्रन्थियाँ परिवर्तित रहती हैं
(a) यकृत ग्रन्थि में (b) लार ग्रन्थि में
(c) पीयूष ग्रन्थि में (d) इन सभी में

10. पक्षियों की हड्डी होती है
(a) खोखली (b) ठोस
(c) लचीली (d) इनमें से कोई नहीं

11. सबसे बड़ा उड़ने में असमर्थ पक्षी जो तेज गति से दौड़ सकता है, वह है
(a) पेंग्विन (b) किवी
(c) ऑस्ट्रिच (d) एमू

12. सबसे विशाल जीवित स्तनधारी जीव है
(a) हाथी (b) ऊँट
(c) नीली ह्वेल (d) मनुष्य

13. स्तनियों के हृदय में कितने कक्ष होते हैं?
(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 6

14. स्तनधारी वर्ग के किस जन्तु में रक्त का तापमान सर्वाधिक पाया जाता है?
(a) गाय (b) मनुष्य
(c) चमगादड़ (d) बकरी

15. डॉल्फिन किस वर्ग का उदाहरण है?
(a) एम्फीबिया (b) पक्षी
(c) स्तनधारी (d) मत्स्य

16. जीवन का भौतिक आधार है
(a) जीन (b) कोशिका
(c) जीवद्रव्य (d) माइटोकॉण्ड्रिया

17. कोशिका का 'ऊर्जा गृह' किसे कहा जाता है?
(a) गॉल्जीकाय (b) न्यूक्लिओलस
(c) राइबोसोम (d) माइटोकॉण्ड्रिया

18. कोशिका में प्रोटीन निर्माण का सक्रिय स्थल है
(a) लाइसोसोम (b) राइबोसोम
(c) माइटोकाण्ड्रिया (d) गॉल्जीकाय

19. निम्न में से कौन-सा कोशिकांग सिर्फ पादप कोशिका में पाया जाता है?
(a) कोशिका भित्ति (b) लवक
(c) रिक्तिका (d) ये सभी

20. कोशिका की 'आत्महत्या की थैली' कहलाता है
(a) लाइसोसोम
(b) राइबोसोम
(c) न्यूक्लियोसोम
(d) गॉल्जीकाय

21. किसी कोशिका में 80% से अधिक पाया जाने वाला पदार्थ है
(a) प्रोटीन (b) जल
(c) वसा (d) खनिज

22. निम्नलिखित में से किसे कोशिका का 'यातायात प्रबन्धक' कहा जाता है?
(a) राइबोसोम (b) गाल्जीकॉय
(c) माइटोकाण्ड्रिया (d) लाइसोसोम

23. 'जीन' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग किसने किया?
(a) वाल्डेयर (b) वाटसन
(c) क्रिक (d) जोहान्सन

24. आनुवंशिकी उत्परिवर्तन होता है
(a) डी.एन.ए. (b) आर.एन.ए.
(c) क्रोमोसोम (d) राइबोसोम

25. समसूत्री विभाजन के फलस्वरूप कितनी सन्तति कोशिका का निर्माण होता है?
(a) 2 (b) 4
(c) 6 (d) 8

26. ग्रेगर मेण्डल निम्न में से किसके प्रतिपादन के लिए प्रसिद्ध हैं?
(a) कोशिका सिद्धान्त
(b) उत्परिवर्तन सिद्धान्त
(c) आनुवंशिकता के नियम
(d) उपार्जित लक्षणों की वंशागति

27. जीन उपस्थित होते हैं
(a) राइबोसोम में (b) गुणसूत्रों में
(c) हरित लवकों में (d) माइटोकॉण्ड्रिया में

28. कोशिका में पाया जाने वाला आनुवंशिक पदार्थ है
(a) डी.एन.ए. (b) आर.एन.ए.
(c) प्रोटीन (d) कार्बोहाइड्रेट

29. डी.एन.ए. का 'द्विकुण्डल प्रारूप' किसने दिया?
(a) रॉबर्ट हुक (b) जोन्स साल्क
(c) वाटसन एवं क्रिक (d) श्लाइडेन एवं श्वास

30. मनुष्य में कौन-से क्रोमोसोम के मिलने से पुत्र का जन्म होगा?
(a) पुरुष का X एवं स्त्री का X
(b) पुरुष का X एवं स्त्री का Y
(c) पुरुष का Y एवं स्त्री का Y
(d) पुरुष का Y एवं स्त्री का X

31. शिशु का पितृत्व सिद्ध करने के लिए निम्नलिखित में से किस एक तकनीक का प्रयोग किया जाता है?
(a) प्रोटीन विश्लेषण
(b) डी.एन.ए. फिंगर प्रिंटिंग
(c) गुणसूत्र गणन
(d) डी.एन.ए. का मात्रात्मक विश्लेषण

32. जीन का सर्वप्रथम कृत्रिम संश्लेषण किसने किया?
(a) जे.सी. बोस (b) रॉबर्ट हुक
(c) एच.जी. खुराना (d) वाटसन

33. 'उत्परिवर्तन के सिद्धान्त' का प्रतिपादक कौन था?
(a) लैमार्क
(b) चार्ल्स डार्विन
(c) हक्सले
(d) ह्यूगो डी. व्रीज

34. 'प्राकृतिक चयन का सिद्धान्त' किसने दिया?
(a) ह्यूगो डी. व्रीज (b) लैमार्क
(c) अरस्तू (d) चार्ल्स डार्विन

35. निम्नलिखित में से कौन-सा मनुष्य का अवशेषी अंग नहीं है?
(a) निमेषिक झिल्ली
(b) कर्णाभ मांसपेशियाँ
(c) सामने वाले चपटे दाँत
(d) वर्मीफार्म एपेण्डिक्स

36. डी.एन.ए. का प्रमुख कार्य है
(a) प्रोटीन संश्लेषण
(b) कोशिकीय परिवहन
(c) कोशिकीय श्वसन
(d) आनुवंशिक क्रियाओं का संचालन

37. एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में परिवहन हेतु आनुवंशिक गुणों के उत्तरदायी होते हैं
(a) जीन (b) क्रोमोसोम
(c) केन्द्रक (d) इनमें से कोई नहीं

38. निम्नलिखित में से मनुष्यों में होने वाले आनुवंशिक रोग कौन-कौन से हैं?
(a) वर्णान्धता (b) हीमोफीलिया
(c) टर्नर सिण्ड्रोम (d) ये सभी

39. हीमोफीलिया रोग से ग्रस्त व्यक्ति में
(a) खून की कमी हो जाती है
(b) खून का बहना बन्द नहीं होता है
(c) रक्त बनता ही नहीं है
(d) उपरोक्त सभी

40. किस प्रकार के ऊतक शरीर की सुरक्षा कवच का कार्य करते हैं?
(a) एपिथीलियमी (b) पेशीय
(c) संयोजी (d) तन्त्रिकीय

41. निम्नलिखित में से कौन-सा ऊतक घाव भरने में सहायक होता है?
(a) एपिथीलियमी (b) पेशीय
(c) तन्त्रिकीय (d) ये सभी

42. 'तन्त्रिका ऊतक' की इकाई है
(a) एक्सॉन (b) न्यूरॉन
(c) बोमेन कैप्सूल (d) गुच्छिका

43. ऊँट का कूबड़ किस ऊतक का बना होता है?
(a) कंकालीय (b) पेशीय
(c) वसीय (d) उपास्थि

44. निम्नलिखित में से कौन ऊतक का उदाहरण है?
(a) मस्तिष्क (b) किडनी
(c) लीवर (d) रक्त

45. निम्नलिखित में संयोजी ऊतक के उदाहरण हैं
(a) लिम्फ (b) हड्डियाँ
(c) रक्त (d) ये सभी

46. रक्त किस प्रकार का ऊतक है?
(a) पेशी (b) संयोजी
(c) उपकला (d) तन्त्रिका

47. मानव शरीर में इच्छानुसार गति करने वाले अंगों में किस प्रकार के ऊतक पाए जाते हैं?
(a) अरेखित ऊतक (b) हृदय ऊतक
(c) रेखित ऊतक (d) ये सभी

48. 'संकुचनशील ऊतक' के नाम से जाना जाता है
(a) संयोजी (b) पेशी
(c) तन्त्रिका (d) ये सभी

49. 'चेतना ऊतक' के नाम से जाने वाला ऊतक कौन है?
(a) तन्त्रिका (b) उपकला
(c) पेशी (d) ये सभी

50. मानव शरीर में पाचन का अधिकांश भाग किस अंग में सम्पन्न होता है?
(a) अग्न्याशय (b) बड़ी आँत
(c) छोटी आँत (d) आमाशय

⊘ विगत वर्षों के प्रश्न

51. निम्नलिखित में से क्या स्वत: पोषित है? [SSC कांस्टेबल, 2015]
(a) टिड्डा (b) शैवाल
(c) तितली (d) मशरूम

52. बीसीजी के टीके में 'सी' शाब्द से क्या अभिप्राय है? [SSC कांस्टेबल, 2015]
(a) कैल्मेट (b) क्लोरीन
(c) कफ (d) कैडमियम

53. वातावरण में मौजूद सल्फर के ऑक्साइड बारिश से धुल जाते हैं और क्या बनाते हैं? [SSC कांस्टेबल, 2015]
(a) झीलों में यूट्रोफिकेशन
(b) जीवाश्म ईंधन संग्रह का क्षरण
(c) मृदा में pH का निम्नस्तरीकरण
(d) औद्योगिक धूम निर्माण

54. पीलिया रोग किसे प्रभावित करता है? [SSC कांस्टेबल, 2013]
(a) हृदय (b) यकृत
(c) प्लीहा (c) पित्ताशय

55. कोलेस्ट्रॉल किसमें नहीं होता? [SSC कांस्टेबल, 2013]
(a) ग्राउण्डनट ऑयल
(b) बटर ऑयल
(c) बटर मिल्क
(d) आइसक्रीम

56. एन्जाइम की गतिविधि किसके परिवर्तन से नियन्त्रित हो सकती है? [SSC कांस्टेबल, 2013]
(a) pH (b) प्रकाश
(c) आर्द्रता (d) बारिश

57. प्रोटीन किससे पचते हैं? [SSC कांस्टेबल, 2013]
(a) प्रोटिएस (b) ऐमिलेस
(c) लाइपेस (d) न्यूक्लियस

58. इटाई-इटाई रोग इसके द्वारा होने वाली विषाक्तता के कारण होता है [SSC कांस्टेबल, 2012]
(a) मर्करी (पारा) (b) आर्सेनिक (संखिया)
(c) कैडमियम (d) ऐस्बेस्टॉस

59. नीला-हरा शैवाल (काई) इस समूह में सम्मिलित किया गया है [SSC कांस्टेबल, 2012]
(a) यूबैक्टीरिया (यूजीवाणु)
(b) सायनोबैक्टीरिया (नील जीवाणु)
(c) प्रोटोजोआ (आदिजीव)
(d) फफूँदी

60. नाभिक (न्यूक्लियस) के बिना एक परिपक्व स्तनाग्र कोशिका है [SSC कांस्टेबल, 2012]
(a) लसीकाणु (लिम्फोसाइट)
(b) लोहित कोशिका
(c) शुक्राणु
(d) अंडकोशिका (अंडक)

61. हीमोग्लोबिन (रक्तकण रंजक द्रव्य) में यह धातु समाविष्ट होती है [SSC कांस्टेबल, 2012]
(a) ताँबा (b) मोलिब्डेनम
(c) लोहा (d) मैग्नीशियम

62. दूध को दही में परिवर्तित करने की प्रक्रिया कहलाती है [SSC कांस्टेबल, 2012]
(a) पाश्चुरीकरण
(b) वसन्तीकरण
(c) खमीरीकरण (खमीर उठाना)
(d) रैटिंग

उत्तरमाला

1	(a)	2	(b)	3	(c)	4	(d)	5	(d)	6	(b)	7	(d)	8	(d)	9	(b)	10	(a)
11	(c)	12	(c)	13	(c)	14	(d)	15	(c)	16	(c)	17	(d)	18	(b)	19	(d)	20	(a)
21	(b)	22	(b)	23	(d)	24	(c)	25	(a)	26	(c)	27	(b)	28	(a)	29	(c)	30	(d)
31	(b)	32	(c)	33	(d)	34	(d)	35	(c)	36	(d)	37	(b)	38	(d)	39	(b)	40	(a)
41	(a)	42	(b)	43	(c)	44	(d)	45	(d)	46	(b)	47	(c)	48	(b)	49	(a)	50	(c)
51	(b)	52	(a)	53	(c)	54	(b)	55	(a)	56	(a)	57	(a)	58	(c)	59	(b)	60	(b)
61	(c)	62	(c)																